कूटः-

(a) केवल 2　　(b) 2, 4
(c) 1,2,3,4　　(d) केवल 1

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

8. राजस्थान में राज्य प्रशासन के विधितः प्रमुख हैं

(a) राज्य के मुख्यमंत्री　　(b) सम्भागीय आयुक्त
(c) राज्य के महाधिवक्ता　　(d) राज्य के राज्यपाल

RPSC-2017

Ans. (d) : राजस्थान में राज्य प्रशासन के विधि प्रमुख राज्यपाल होता है। संविधान के अनुच्छेद 154 (1) में प्रावधान है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होगी तथा वह इस शक्ति का प्रयोग स्वयं या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगा।

9. राजस्थान के राज्यपाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

(a) वह राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं।
(b) वह राज्य के किसी भी लाभ के पद को धारण कर सकते हैं।
(c) वह इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी,राजस्थान राज्य शाखा के अध्यक्ष हैं।
(d) उन्हें संविधान के अन्तर्गत कोई स्व-विवेकीय शक्ति प्राप्त नहीं है।

(1) a, b, c और d　　(2) b, c और d
(3) केवल c　　(4) b और c दोनों

RPSC-2017

Ans. (c) : केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राष्ट्रपति होता है। राज्यपाल लाभ का पद धारण नही कर सकता है। राज्यपाल को संविधान के तहत स्व विवेकीय शक्तिया प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 63 के अन्तर्गत राज्यपाल को स्वविवेकी शक्तियां प्रदान की गई हैं। अतः विकल्प (c) एकमात्र सही विकल्प है। राज्यपाल इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी राजस्थान राज्य शाखा का अध्यक्ष होता है।

10. राजस्थान के निम्नांकित राज्यपालों में से कौन राज्यपाल बनने के पूर्व राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे हैं?

(a) सुखदेव प्रसाद
(b) रघुकुल तिलक
(c) प्रोफेसर देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय
(d) निर्मल चंद्र जैन

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (b) : 'रघुकुल तिलक' राजस्थान के राज्यपाल बनने से पूर्व राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य रहे। इनका कार्यकाल राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में 1958 से 1960 तक और राज्यपाल के रूप में 1977 से 1981 तक रहा। वर्तमान 2022 में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र हैं।

11. 1 नवंबर, 1956 से पहले राजस्थान राज्य का अध्यक्ष कहलाता था–

(a) महामहिम　　(b) महाराजा अधिराज
(c) गवर्नर (राज्यपाल)　　(d) राज प्रमुख

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (d) : 1 नवम्बर, 1956 के पूर्व राजस्थान के अध्यक्ष को राजप्रमुख कहा जाता है, जिसे राज्य पुनर्गठन (1956) के बाद समाप्त करके राज्यपाल का पद सृजित किया गया। राज्य के राज्यपाल पद पर सर्वप्रथम सरदार गुरुमुख निहाल सिंह नियुक्त किये गये।

12. राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन से संवैधानिक पदाधिकारी राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, लेकिन उन्हें राज्यपाल द्वारा उनके पद से नहीं हटाया जा सकता है-

(i) महाधिवक्ता
(ii) राज्य निर्वाचन आयुक्त
(iii) राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य

सही विकल्प का चयन कीजिए-

(a) केवल (i) और (ii)　　(b) केवल (ii) और (iii)
(c) केवल (i) और (iii)　　(d) (i), (ii) और (iii)

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : राज्य की कार्यकारिणी राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद और राज्य के महाधिवक्ता से बनी होती है। राज्यपाल, कार्यकारी एवं संवैधानिक रूप में, राज्य सरकार का प्रमुख होता है। अनु.-153 से 167 तक देश की राज्य सरकारों से सम्बन्धित प्रावधान है। राज्यपाल द्वारा राज्य निर्वाचन आयुक्त व राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य इत्यादि की नियुक्ति की जाती है। लेकिन राज्यपाल द्वारा उनको पद से हटाया नहीं जा सकता है।

13. राजस्थान के मुख्यमंत्री को चिन्हित कीजिए, जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया-

(i) मोहनलाल सुखाड़िया　　(ii) हीरालाल देवपुरा
(iii) शिव चरण माथुर　　(iv) जगन्नाथ पहाड़िया

सही कूट का चयन करें-

(a) (ii), (iii) और (iv)　　(b) (i), (iii) और (iv)
(c) (i), (ii) और (iii)　　(d) (i), (ii), (iii) और (iv)

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (b) : राजस्थान के मुख्यमंत्री, जिन्होंने राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।

मोहन लाल सुखाड़िया-1954-1971तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। ये कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश व तमिलनाडु के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।

शिव चरण माथुर-1981-1985 तक व 1988–1989 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बाद में असम के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया।

जगन्नाथ पहाड़िया-6 जून, 1980 से 14 जुलाई, 1981 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इस पद के संभालने वाले राजस्थान के पहले दलित नेता थे। हरियाणा व बिहार के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। 19 मई- 2021 को COVID – 19 में उनका निधन हो गया।

14. राज्यपाल अपने स्वविवेकी कृत्यों को छोड़कर अपने कृत्यों का निर्वहन -------की सहायता और सलाह से करेगा।